# प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा अब भी कायम है : रामविलास

## बिना विशेष राज्य के दर्जे के भी विशेष पैकेज मिलता रहेगा बिहार को




**पटना ( आससे )।** केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सावजनिक वितरण मंत्री तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम विलास पासवान ने एनडीए सरकार के ४ वर्ष पूरा होने पर कहाहै कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्मा अभी भी कायम है। लोगों का समर्थन एवं प्यार अभी भी प्रधानमंत्री को प्राप्त है कर्नाटक के हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम भी इसे साबित करता है जहां कि भाजपा ४४ सीटों से बढ़कर १०४ सीटो पर पहुंच गई और सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस १२२ से घटकर ७८ पर अचटक गई। वे स्थानीय होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य के दर्जे न दिए जाने पर कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्ज की मांग अटल बिहारी बाजपेयी सरकार के समय से ही झारखण्ड राज्य बनने के बाद से वे लोग उठाते रहे है हाल में तेलगू देशम की आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने के सवाल पर एनडीए से अलग हो गई है। लेकिन केन्द्र सरकार का इरादा बिहार के विकास में बाधक बनने का नहीं है इस लिए राज्य को विशेष दर्जा न देते हुए भी केन्द्र सरकार विशेष राजय का दर्जा के तहत मिलने वाला सभी पैकेज देती रहेगी। केन्द्र सरकार द्वारा सिन्दरी के कारखाने एवं बरौनी के फर्टिलाइजर को जल्द शुरू किया जाएगा। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा देश एवं जनता के विकास के लिए १२३ नई योजनाएं शुरू की गई है।

उन्होंने बिहार के किसानों से धान, गेहू, दाल एवं मक्का खरीदने के लिए राज्य सरकार को पर्याप्त फंड केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा खाद्यान्नों का २० लाख मीट्रिक टन का बफर स्टॉक बनाने के बाद से खाद्यान्नों की कीमते घटी है। उन्होंने कहा कि फुड सिक्योरिटी एक्ट की समीक्षा करनें बाद केन्द्र सरकार ने वर्ष २०१९ तक राशन की दूकानों से उपभोक्ताओं को मिलने वाले अनाज का मूल्य नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है जनवितरण की दूकानों को ऑन लाइन करने एवं राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने से २ करोड़ १२ लाख राशन कार्ड धारक फर्जी पाए गए है जनवितरण की दूकानों में पॉश मशीन भी लागया जा रहा है अब तक ३,१२,८२५ पॉश मशीन लगाया गया है। अब डीलरों को राशन डोर डिलीवरी दिया जा रहा है उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार कन्जूमर बिल लागू कर उपभोक्ताओं का अधिकार सुनिश्चित करनें लिए दृढ़ संकल्पित है। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग जहाज रानी तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री मनसुख लाल मांडविया ने कहा कि मोदी सरकार ने अपना सभी चुनावी वादा पूरा किया है।

**Aaj_30.5.2018_PIB, Patna**

# पिछड़ा राज्य है बिहार, मिलना चाहिए विशेष दर्जा : रामविलास

Dainik Bhaskar_30.5.2018_PIB, Patna

## देशभर में 2.62 करोड़ फर्जी राशन कार्ड पकड़ाए, सरकार को हुई 17 हजार करोड़ की बचत, बिहार को मदद कर रही है केंद्र सरकार

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि आधार से राशन कार्ड को जोड़ने पर देश में 2.62 करोड़ फर्जी राशन कार्ड रद्द किए गए। इससे सरकार को 17 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग का समर्थन किया। कहा- बिहार पिछड़ा राज्य है, इसलिए विशेष दर्जा मिलना चाहिए। लोजपा शुरू से ही विशेष राज्य का दर्जा के पक्ष में है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। वे मंगलवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली की दुकानों से पहले राशन कार्ड के आधार पर वितरण की व्यस्था की गई थी, लेकिन अब इसका डिजिटाइजेशन कर दिया गया है। पॉश मशीन लगाई जा रही है। इसमें लाभुक के अंगूठे का निशान लिया जाएगा। इससे फर्जीवाड़ा रोकने में सफलता मिलेगी। पॉश मशीन लगाने के बाद कोई भी लाभुक अपने प्रदेश में कहीं से भी राशन उठा सकेगा। पीडीएस दुकानों में डोर स्टेप डिलेवरी सिस्टम से अनाज पहुंचाया जाता है। लाभुकों को राशन पहुंचने की सूचना एसएमएस आदि के माध्यम से दे दी जाती है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान व मनसुख मांडविया।

### आधार बिना मिलेगा राशन

रामविलास ने कहा कि जिन लोगों का आधार नहीं बना है, वे दूसरे पहचान पत्र से भी राशन ले सकते हैं। एसटी-एससी के जो छात्र हॉस्टल में रहते हैं, उन्हें भी सस्ती दर पर सरकार अनाज मुहैया कराएगी। केंद्र सरकार बिहार को हर संभव मदद कर रही है। विशेष राज्य का दर्जा अटल जी के समय से मांगते थे, आज भी हम इस मांग रहे हैं।

### प्रणब हार्डकोर कांग्रेसी

पासवान ने दावा किया कि केंद्र सरकार के सभी विभाग काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान से सामाजिक चेतना आई है। दलहन फसल का उत्पादन बंपर हुआ है। दाल की कीमत अधिक नहीं है। सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी है, जो सभी पक्षों को देख रही है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि वे हार्डकोर कांग्रेसी हैं।

**केंद्र ने उठाए कई कदम** | केंद्रीय राज्यमंत्री मनसुख एल मांडविया ने कहा केंद्र सरकार ने गरीब और आम लोगों के हित में कई कदम उठाए। करोड़ों लोगों का जन-धन खाता खुलवाया गया। सरकार ने गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए प्रावधान किया है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ ही विकास की गति को केंद्र सरकार ने तेज की है। इसके पहले रामविलास पासवान ने कहा कि जून, 2019 तक खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले अनाज की कीमत में कोई वृद्धि नहीं होगी।

# नीतीश के साथ आए पासवान

Dainik Jagran_30.5.2018_PIB, Patna

# विशेष राज्य का किया समर्थन

## कहा-2019 में फिर बनेगी केंद्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार

राज्य ब्यूरो, पटना : केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली मंत्री रामविलास पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग का समर्थन किया है। केंद्र सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर पासवान ने मंगलवार को यहां आयोजित पत्रकार सम्मेलन में मोदी सरकार की उपलब्धियों की खूब चर्चा की तो वहीं उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वे बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग का समर्थन करते हैं। जब केंद्र में अटल बिहार वाजपेयी की सरकार थी तब से यह मांग हो रही है। वैसे विशेष राज्य के दर्जे के तहत केंद्र से स्पेशल पैकेज मिल रहा है।

पासवान ने घोषणा की कि जन वितरण प्रणाली की दुकानों में 81 करोड़ लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे अनाज की कीमत में अगले साल तक कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा एक्ट, 2013 के तहत जून 2019 तक अनाज की कीमत नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है। पीडीएस दुकानों में एक रुपये प्रति किलो मोटा अनाज के अलावा दो रुपये प्रति किलो गेहूं एवं तीन रुपये प्रति किलो चावल उपलब्ध होता रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रावासों में मुफ्त में अनाज देने का फैसला लिया है, यह ऐतिहासिक कदम है। पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व क्षमता व कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि चार साल में केंद्र सरकार देश के विकास के साथ-साथ गरीबों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए समर्पित रही है।

- केंद्रीय मंत्री ने कहा-फिलहाल प्रधानमंत्री पद की नहीं है कोई वैकेंसी
- पासवान ने की घोषणा-अगले वर्ष तक अनाज योजना में नहीं होगी वृद्धि



केंद्रीय राज्यमंत्री मनसुख एल. मांडविया के साथ वार्ता करते केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान

### बरौनी व सिंदरी उर्वरक कारखाने में जल्द शुरू होगा उत्पादन

पटना : बिहार के बरौनी और झारखंड के सिंदरी के उर्वरक कारखाना से उत्पादन शीघ्र आरंभ होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग, जहाजरानी, रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख एल. मांडविया ने मंगलवार को यहां पत्रकारों के सामने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के छोटे-छोटे एयरपोर्ट को विकसित करने का फैसला लिया है, उसका लाभ बिहार में पहले से स्थापित ऐसे हवाई अड्डों को भी मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नए विजन से 123 नई योजनाओं को देश में लागू किए हैं। वर्ष 2022 तक देश के हर घर में बिजली होगी। देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का हेल्थ बीमा दिया गया है। युवाओं में कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्हें रोजगार देने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने का काम किया जा रहा है।